दैनिक भास्कर

# घी घोटाला / नकली घी सरगना की फैक्ट्री से दूध का सैम्पल लेने गए, 600 टिन घी मिला




**26 मई को बीकानेर में आरोपी की फैक्ट्री से बरामद हुआ था नकली घी**



spurious ghee case Bikaner 2019

May 31, 2019, 12:27 PM IST

**भास्कर न्यूज | नोखा**

नकली घी का सरगना ओम पाणेचा जेल से छूटने के साथ ही बार-बार इसी धंधे को अपनाता है। 26 मई को ओम पाणेचा की बीकानेर स्थित फैक्ट्री से नकली घी बरामद करने के बाद स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन ने गुरुवार को नोखा के रीको इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित फैक्ट्री पर कार्रवाई की। रीको में ओम पाणेचा की श्रीनाथ डेयरी के नाम से फैक्ट्री चल रही है। वहां पर सीएमएचओ डॉ. देवेंद्र चौधरी, तहसीलदार द्वारका प्रसाद शर्मा व स्थानीय पुलिस ने दबिश दी।

फैक्ट्री में 1400 लीटर दूध मिला। उसके सेंपल लिए गए हैं। सीएमएचओ ने बताया कि यहां पर नकली दूध बनाने की शिकायत मिली थी, इसी आधार पर कार्रवाई करते हुए सेंपल लिए गए हैं। सेंपल की रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी। इसी तरह फैक्ट्री के दूसरे भवन में घी पैकिंग का मेटेरियल बड़ी मात्रा में मिला। मगर, घी बनाने का कोई सामान नहीं था। इसी भवन के एक गुप्त कमरे में विभिन्न ब्रांड्स का 600 टिन घी भरा हुआ था। प्रशासन ने उसे संदिग्ध मानते हुए जब्त कर लिया। तीन साल पहले पहली बार पकड़ा गया था ओम पाणेचा : नकली घी सरगना पर तीन साल पहले प्रशिक्षु आईपीएस पूजा यादव ने कार्रवाई की थी। उन्होंने पाणेचा की फैक्ट्री पर दबश देकर नकली घी व पॉम आयल बरामद कर उसे गिरफ्तार किया था। पाणेचा को जले भेजा तो वहां से फरार भी हो गया। उसके बाद उसने सरेंडर किया। कुछ समय बाद जमानत पर छूटा तो फिर नकली घी बनाकर बेचने लगा। पाणेचा पर बीकानेर संभाग के विभिन्न थानों में नकली घी के कई मामले दर्ज हैं।

**फैक्ट्री खड़ी थी घी परिवहन करने वाली 20 गाड़ियां, सभी के चेसिस नंबर अलग**

श्रीनाथ डेयरी में घी परिवहन के लिए 20 गाड़ियां लगा रखी थी। उन सभी की परिवहन विभाग ने जांच की तो उनके चेसिस नंबर अलग निकले। परिवहन विभाग के सब इंस्पेक्टर रायसिंह ने बताया कि सभी गाड़ियों पर टैक्स बकाया हो सकता है, इनके चेसिस नंबर अलग है। इसकी जांच कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी

Source: https://www.bhaskar.com/rajasthan/bikaner/news/spurious-ghee-case-bikaner-2019-01558585.html